<u>समाचार</u>

निगम के 53 अधिकारी कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

कोरबा 08 फरवरी 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न श्रेणियों के 53 अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने इन अधिकारी कर्मचारियों का पदोन्नति आदेश जारी कर आयुक्त की अधिकारिता के पदों पर उन्हें पदोन्नति प्रदान की, वहीं निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की पदोन्नति का प्रस्ताव शासन को स्वीकृत हेतु भेजा गया है, स्वीकृत प्राप्त होते ही शीघ्र ही वरिष्ठ अधिकारियों को भी पदोन्नति का लाभ मिलेगा।

नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु सितम्बर 2020 में डी.पी.सी.सम्पन्न हुई थी, उसी परिप्रेक्ष्य में आज आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आदेश जारी कर निगम के 53 अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की। जारी आदेश के अनुसार रविन्द्र कुमार मसीह कार्यालय अधीक्षक पद पर पदोन्नत किए गए हैं, रावेन्द्र सिंह को सहायक जनसंपर्क अधिकारी के पद पर पदोन्नत मिली है। इसी प्रकार अशोक कुमार बनाफर को सहायक राजस्व अधिकारी, श्रीमती सुभाषिनी आशावान को स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 के पद पर पदोन्नति दी गई है। वहीं जी.एस. चंदेल, दिलीप कुमार भिमटे, खलील खान, रघुराम यादव, जनकराम हंसराज, श्रीमती श्यामकली डहरिया, श्रीमती तारा भगत को सहायक ग्रेड–2 के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है। इसी प्रकार राधेश्याम चौहान, डेलीराम साहू, अशोक कुमार देशमुख व रामेश्वर सिंह कंवर को सहायक कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। एस.सी.राठौर, प्रेमचंद राठौर, अवधराम लहरे, ओमप्रकाश श्रीवास, बृजेन्द्र सिंह बघेल, बेदराम राठौर व रामाधार सागर को सहायक राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार जयकिशन पटेल, रामचरण, मनमोहनलाल, लक्खूप्रसाद रसतोगी, उत्तम कुमार कुर्रे, शत्रुहनचंद सारथी, कुंजीलाल, परमेश्वर प्रसाद शर्मा, इतवारी साहू, संतूलाल देवांगन, माधुरी सिदार को सहायक ग्रेड–3 पद पर पदोन्नत किया गया है। कुशल सिंह गोंड़ को राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। ओमकारलाल साहू, ओंकार सिंह तंवर, शिवबहादुर पटेल, विशाल सिंह कंवर, जागेश्वर सिंह कंवर, जवाहरलाल गोंड़, घसियाराम सिदार, खम्हनसिंह सिदार, पुखराज यादव, संजय ठाकुर, मनोज केशरवानी, उत्तम प्रसाद राठौर, चैनसिंह यादव, पी. जी.गोस्वामी, भावेश यादव, देवनारायण पैकरा व देवव्रत आदित्य को राजस्व उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है। इसी प्रकार गिरवर प्रसाद विश्वकर्मा व उत्तम दास महंत को स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है।